आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 26.01.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्र आज 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कर्तव्य पथ पर आयोजित समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।
- गणतंत्र दिवस के अवसर पर देहरादून में आयोजित समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने परेड की सलामी ली।
- उत्तराखंड की राधा बहिन भट्ट और ह्यूग–कोलीन गैंटज़र को इस वर्ष पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा।
- प्रदेश के 11 नगर निगमों में से 10 पर भाजपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की।

गणतंत्र दिवस

राष्ट्र आज 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। गणतंत्र दिवस परेड सुबह साढे दस बजे शुरू हुई और इसमें भारत की सांस्कृतिक विविधता और सैन्य कौशल का एक अनूठा मिश्रण देखने को मिला।

इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि दीं।

गणतंत्र दिवस प्रदेश

प्रदेश में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मुख्य समारोह राजधानी देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित किया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने तिरंगा फहराया और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस कर्मियों और अन्य लोगों को सम्मानित किया। समारोह में विभिन्न विभागों की झांकियां निकाली गई। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्रों और कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। उधर, राज्य के अन्य जिलों में भी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जिला मुख्यायलों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरियां निकाली और मुख्य चौराहों पर देशभक्ति के गीत चलाए जा रहे हैं।

राज्यपाल/मुख्यमंत्री

इससे पहले, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने राजभवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए जो संकल्प लिए गए हैं, आज उन्हें दोहराने की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि साल 2047 तक देश को विकसित बनाने का जो लक्ष्य रखा गया है, इसमें सभी प्रदेशवासियों को भी बढ़–चढ़कर अपना योगदान देना है।

उधर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में तिरंगा फहराया। उन्होंने सभी को संविधान की उद्देशिका की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए सरकार, लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सशक्त, समृद्ध और विकसित भारत के लिए सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन करना है।

वहीं, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज सचिवालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संविधान ने प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भेदभाव के हर प्रकार की स्वतंत्रता एवं सामानता का अधिकार प्रदान किया है।

सम्मान

गणतंत्र दिवस पर आज उत्तराखंड पुलिस के छह अधिकारी और कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्वारा इन पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने की घोषणा की गई है। उत्तराखंड पुलिस के लीडिंग फायरमैन, नैनीताल, अर्जुन सिंह को राष्ट्रपति विशेष सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, पांच पुलिस कर्मियों को सराहनीय सेवा पदक प्रदान किया जाएगा। इनमें अपर पुलिस अधीक्षक, देहरादून प्रमेन्द्र कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, कार्मिक, शाहजहां जावेद खान, और 40वीं वाहिनी पीएसी के दलनायक बीरेन्द्र सिंह कठैत शामिल हैं। साथ ही उप निरीक्षक नागरिक पुलिस चम्पावत, सुमन पंत और उपनिरीक्षक घुड़सवार पुलिस, देहरादू, राजेंद्र सिंह को भी सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा।

पद्म पुरस्कार

राष्ट्रपति ने वर्ष 2025 के लिए 139 पद्म पुरस्कार प्रदान करने को मंजूरी दी है। सूची में सात पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार पाने वालों में 23 महिलाएं हैं। उत्तराखंड की राधा बहिन भट्ट और ह्यूग–कोलीन गैंटज़र को इस वर्ष पद्म श्री से सम्मानित करने की घोषणा की गई है।

राधा बहिन भट्ट ने सात दशकों तक महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण के लिए काम किया। उन्होंने 25 बाल मंदिरों की स्थापना की, जिससे पन्द्रह हजार से अधिक वंचित बच्चों को शिक्षा और सहारा मिला। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कताई, बुनाई और सिलाई का प्रशिक्षण दिया और चिपको आंदोलन व सर्वोदय भूदान आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाई। उनके प्रयासों से पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा में डेढ़ करोड़ से अधिक पेड़ लगाए गए।

ह्यूग और कोलीन गैंटज़र, जिन्हें भारत के पहले ट्रैवल ब्लॉगर के रूप में जाना जाता है, उन्होंने भारतीय संस्कृति और प्राकृतिक सुंदरता को दुनिया के सामने लाने में बड़ा योगदान दिया। इस दंपति ने 30 से अधिक किताबें और तीन हजार लेख लिखे, जिनमें भारत के पर्यटन स्थलों को प्रमुखता से उभारा गया। उनके लेखन ने पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ–साथ स्थानीय संस्कृति और विरासत के संरक्षण का संदेश भी दिया। कोलीन गैंटज़र का नवंबर 2024 में निधन हो गया, लेकिन उनका काम आज भी प्रेरणा बना हुआ है। इन दोनों हस्तियों को यह सम्मान उनकी अद्वितीय सेवाओं और समाज में उनके अमूल्य योगदान के लिए दिया गया है।

पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक हैं। ये पुरस्कार विभिन्न विषयों अथवा गतिविधियों जैसे– कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल, सिविल सेवा आदि के लिये दिये जाते हैं। इन पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है।

<u>चुनाव परिणाम</u>

प्रदेश के नगर निगमों में चुनाव परिणाम आने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने परचम लहराया है। राज्य के 11 नगर निगमों में से 10 पर भाजपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है, जबकि श्रीनगर नगर निगम से निर्दलीय प्रत्याशी जीती हैं। नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के ज्यादातर नतीजे घोषित होने के साथ ही सबकी नजरें मेयर सीट पर लगी थीं। देहरादून नगर निगम से मेयर पद के भाजपा प्रत्याशी सौरभ थपलियाल ने कांग्रेस उम्मीदवार वीरेन्द्र पोखरियाल को 1 लाख 5 हजार से अधिक वोटों से हराया। देहरादून नगर निगम के इतिहास में यह अब तक की सबसे बड़ी जीत है। वहीं, हल्द्वानी नगर निगम में भाजपा के गजराज बिष्ट ने अपने प्रतिद्वंद्वी ललित जोशी को 3 हजार 894 मतों से पराजित किया। पिथौरागढ़ नगर निगम में मेयर सीट पर कांटे की टक्कर में भाजपा की कल्पना देवलाल ने निर्दलीय प्रत्याशी मोनिका महर को 17 वोट से हराया।

<u>महिला स्वास्थ्य– विशेष ध्यान</u>

प्रदेश में 28 जनवरी से शुरू हो रहे राष्ट्रीय खेलों के दौरान महिला स्वास्थ्य को विशेष महत्व दिया जाएगा। खेल विभाग ने रेडक्लिफ हाइजीन प्राइवेट लिमिटेड (आरएचपीएल) के साथ एक अनुबंध किया है, जिसके तहत महिला खिलाड़ियों को विशेष वेलकम किट दी जाएगी। इसमें सैनिटरी नैपकिन, सैनिटाइजर, बायोडिग्रेडेबल टैम्पोन और अन्य स्वच्छता संबंधी उत्पाद शामिल होंगे। यह पहल महिला खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। खेल आयोजन के दौरान एक सत्र का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें महिला स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। आयोजन स्थल पर आरएचपीएल के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां से महिला खिलाड़ियों और मेहमानों को ये उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे।